शिक्षकों के 2220 पदों पर साक्षात्कार 29 से

राज्य में इसी महीने तीन चरणों में शुरू किए गए 444 गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूलों में टीचर की पोस्टिंग के लिए शिक्षा विभाग ने काउंसलिंग का कैलेंडर घोषित कर दिया है। संशोधित नियमों के मुताबिक प्रथम सत्र में इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पहली से पांचवी तक की पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम में होगी।

आगामी सत्रों में कक्षा 6 से 8वीं का इंग्लिश मीडियम में संचालन किया जाएगा। पहली से पांचवी के बच्चों की पढ़ाई के लिए प्रत्येक स्कूल में लेवल वन टीचर के 5 पद स्वीकृत हैं। प्रदेश के 444 स्कूलों में लेवल वन के 2220 पदों के लिए ऑनलाइन इंटरव्यू 29 अगस्त से 2 सितंबर तक होंगे। शिक्षा विभाग में लेवल वन के पदों पर कार्यरत अंग्रेजी भाषा में दक्ष शिक्षक इंटरव्यू में शामिल होने के लिए 27 अगस्त रात 12 बजे तक शाला दर्पण के जरिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद साक्षात्कार की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।